दिनांकः 02.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से शुरू होने वाले राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी।
- राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राज्य में अतिवृष्टि से उपजे हालात के बाद आपदा राहत के लिए प्रभावी प्रबंध करने को कहा–व्यापक बरसात से जनजीवन प्रभावित।
- जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट' 9 से 11 दिसम्बर तक होगा आयोजित–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आयोजन को लेकर की बैठक।
- 16वें वित्त आयोग का प्रतिनिधिमंडल आज प्रदेश में पंचायती राज के प्रतिनिधियों के साथ करेगा बैठक।

..................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में आज से शुरू होने वाले राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। यह सम्मेलन राष्ट्रपति की अध्यक्षता में होने वाला राज्यपालों का पहला सम्मेलन होगा। सम्मेलन के एजेंडे में तीन नए आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार और विश्वविद्यालयों की मान्यता और फोकस क्षेत्रों का विकास शामिल है। प्रचार अभियानों में राज्यपालों की भूमिका और राज्यों में विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार विमर्श होगा। सम्मेलन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री हिस्सा लेंगे।

..................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राज्य में अतिवृष्टि से उपजे हालात के बाद आपदा राहत के लिए प्रभावी प्रबंध करने को कहा है। कल उन्होंने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से स्थिति की जानकारी ली। राज्यपाल ने जयपुर में अतिवृष्टि से हुई नागरिकों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। इस बीच, राज्यभर में हुई व्यापक बरसात के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जयपुर में हुई भारी बरसात से कुछ स्थानों पर मकान गिर गए तो कहीं–कहीं जमीनें धंस गईं। कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने आमजन से बारिश के दौरान सतर्क और सुरक्षित रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में जिले में भारी बारिश की संभावना है। ऐसे में निचले इलाकों और जर्जर भवनों में रह रहे नागरिक सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। जिला कलेक्टर ने आज सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में अवकाश की घोषणा की है।
जयपुर ग्रामीण में भी पिछले 24 घंटों में तेज बरसात का दौर जारी रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि कानोता बांध में पानी की अच्छी आवक हुई है। केकडी में रिमझिम बारिश का दौर जारी है। हनुमानगढ में हुई बारिश से कई जगह पानी भर गया। सवाईमाधोपुर में नदी नाले उफान पर हैं। झालावाड में हल्की बरसात हो रही है। बीकानेर में कहीं–कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। श्रीडूंगरगढ में बारिश के बाद उपखंड के कई गांवा जलमग्न हो गए। कच्चे मकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। टोंक में भी रुक रुक कर बारिश का दौर जारी रहा। अलवर में तेज बारिश हुई। श्रीगंगानगर, कोटपूतली बहरोड, भीलवाडा और पाली में भी अच्छी बरसात के समाचार हैं। जैसलमेर और बालोतरा में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज आज भारी बारिश का तंत्र पश्चिमी राजस्थान के ऊपर सक्रिय रहेगा। नागौर, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर पाली जालौर जैसलमेर और आसपास के जिलों में मध्यम से तेज बारिश तथा कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है।

..................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने कल नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गृह मंत्री अमित शाह और केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात की। राज्यपाल ने श्री बिरला से मुलाकात कर उनसे संसदीय परम्पराओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

..................

जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट' 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर में बैठक की। इसमें उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी सहित सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समिट का उद्देश्य देशी–विदेशी कंपनियों, अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को प्रदेश की ओर आकर्षित करना है। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से निवेशकों की हर संभव मदद की जाएगी। श्री शर्मा ने इस दौरान 'राइजिंग राजस्थान' का लोगो लॉन्च किया, ताकि देश और विदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण मंचों पर अलग ब्रांड पहचान बन सके। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'सिंगल–प्वाइंट निवेशक इंटरफेस' लॉन्च किया। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेशकों के प्रस्तावों को मंजूरी ऑनलाइन मिलेगी। इंटरफेस के लॉन्च होने के तुरंत बाद राइजिंग राजस्थान के आयोजन के लिए आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस मौके पर सीआईआई के महानिदेशक ने आयोजन को सफल बनाने और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की सुविधा प्रदान कर राजस्थान को देश में सबसे तेजी से बढते राज्यों में से एक बनाने में पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

..................

विधानसभा में आज नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर से नगर निगम उदयपुर को हस्तांतरित योजनाओं में तत्कालीन आयुक्त और अन्य अधिकारियों द्वारा कथित अनियमितताओं की जांच और कार्रवाई, उदयपुर ग्रामीण के जावर के खनन प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार देने और जोधपुर स्थित "राईका बाग" रेलवे स्टेशन का नाम गलत लिखे जाने के संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाए जाएंगे। राज्य बाँध सुरक्षा संगठन का वर्ष 2023–24 का दूसरा वार्षिक प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखा जाएगा। कई विधायकगण विभिन्न याचिकाओं का उपस्थापन भी करेंगे। सदन में आज राज्य में पेयजल और बिजली की स्थिति पर भी विचार किया जाएगा।

..................

16वें वित्त आयोग का प्रतिनिधिमंडल आज प्रदेश में पंचायती राज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगा। आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगड़िया के नेतृत्व में आयोग के सदस्यों का दल दो दिन के प्रदेश दौरे पर है। इससे पहले कल, आयोग के सामने वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा ने एक प्रजेंटेशन भी दिया। प्रजेंटेशन में राजस्थान की विशेष स्थितियों और परिस्थितियों के बारे में बताया गया, जिसका आयोग ने संज्ञान लिया है। बैठक में राज्यों को मिलने वाले हिस्से को लेकर भी कुछ विशेष मांग और सुझाव दिये गये हैं। प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय निकाय संस्थाओं के प्रतिनिधियों, उद्योग और व्यापार तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की।

..................

लोकसभा ने शिक्षा मंत्रालय की अनुदान मांगों को मंजूरी दे दी है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा के लिए बजटीय आवंटन में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर ही भारत 2047 तक 30 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल कर सकेगा। श्री प्रधान कल सदन में शिक्षा मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि 2013–14 में शिक्षा पर 4 लाख 30 हजार करोड़ रुपये खर्च किये जा रहे थे, जो आज बढ़कर 9 लाख 19 हजार करोड़ रुपये हो गए हैं।

..................

जयपुर शहर के परकोटे बाजार में आने वाले लोगों के लिए रामनिवास बाग पार्किंग से मुफ्त बस शटल सेवा शुरू की गई है। जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड, जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) यातायात पुलिस और हैरिटेज नगर निगम ने इस सेवा को संयुक्त रूप से शुरू किया है। इस पहल के तहत शुरूआत में छह बसें चलाई जा रही हैं। रामनिवास बाग में वाहन पार्क करने वाले लोगों को यह मुफ्त बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य चारदीवारी के बाजारों में आने वाले व्यापारियों और ग्राहकों को सुविधा प्रदान करना है।

उधर, नीमकाथाना जिले के श्रीमाधोपुर डिपो में यात्री सुविधाओं के लिए दो नई बस सेवाएं शुरू की गई हैं। ये बसें नीमकाथाना और सीकर के लिए चलाई जाएंगी।

..................